*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305

इ-मेल: mgahvpro@gmail.com वेबसाइट : www.hindivishwa.org

## हिंदी विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेला

## लेखक से मिलिए कार्यक्रम में प्रो. अशोक चक्रधर, हरिराम द्विवेदी के साथ संवाद

वर्धा, 4 फरवरी 2018 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा में 4 से 8 फरवरी के दौरान भव्य राष्ट्रीय पुस्तक मेले के दौरान अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लेखक से मिलिए कार्यक्रम के



अंतर्गत सुप्रसिद्ध लेखक एवं कवि प्रो. अशोक चक्रधर, दिल्ली एवं हरिराम द्विवेदी, वाराणसी के साथ संवाद का आयोजन होगा । सोमवार, 5 को अपराह्न 4.30 बजे से 7.30 बजे के दौरान पुस्तक विमोचन के साथ लेखक से मिलिए के अंतर्गत हरिराम द्विवेदी के साथ संवाद होगा तथा इसी दिन काव्य गोष्ठी होगी। काव्य गोष्ठी का संचालन प्रो. अखिलेश दुबे करेंगे। 7 फरवरी को विश्वविद्यालय के अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ के प्रांगण में बने मुक्ताकाश मंडप में 11.30 से 12.30 के दौरान प्रो. अशोक चक्रधर के साथ लेखक से मिलिए कार्यक्रम होगा जिसमें वार्ताकार के रूप में प्रो. आनंद वर्धन शर्मा एवं प्रो. प्रीति सागर वार्ता करेंगे। इसी दिन गालिब सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा । मंगलवार, सात फरवरी को मुक्ताकाश मंडप में प्रो. गंगा प्रसाद विमल का रचना पाठ एवं पुस्तक संस्कृति पर व्याख्यान होगा। कार्यक्रम का संचालन बहुवचन के संपादक अशोक मिश्र करेंगे। यह राष्ट्रीय पुस्तक मेला अध्यापक, विद्यार्थी तथा वर्धा के सुबुद्ध नागरिकों एवं पुस्तक प्रेमियों के लिए एक सुवर्ण अवसर सिद्ध होगा, ऐशी अपेक्षा विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा तथा मेले के संयोजक डॉ. बीर पाल सिंह यादव ने व्यक्त की है। इस मेले में देशभर के 70 से अधिक प्रकाशकों ने अपने पुस्तकों का प्रदर्शन किया है। यह पुस्तक मेला सभी के लिए नि:शुल्क है तथा इसका लाभ वर्धा के महाविद्यालयों के विद्यार्थी, शिक्षक तथा पुस्तक प्रेमियों को लेने की अपील जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे ने की है।

**हिंदी विश्वविद्यालयात पाच दिवसीय राष्ट्रीय ग्रंथ प्रदर्शन**

## ’लेखकांना भेटा’ अंतर्गत प्रो. अशोक चक्रधर, हरिराम द्विवेदी यांच्यासोबत संवाद

## सांस्कृतिक कार्यक्रमांची मेजवानी

वर्धा, 4 फेब्रुवारी 2018 : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा येथे 4 ते 8 फेब्रुवारी दरम्यान भव्य राष्ट्रीय ग्रंथ प्रदर्शनाचे आयोजन करण्यात येत आहे. विश्वविद्यालयाच्या अनुवाद व निर्वचन विद्यापीठाच्या विस्तीर्ण प्रांगणात देशभरातील विविध प्रकाशकांचे 70 हून अधिक स्टॉल लावण्यात आले आहेत. ग्रंथ प्रदर्शनाच्या निमित्ताने लेखकांना भेटा हा कार्यक्रम घेण्यात येत असून सोमवार, 5 रोजी मुक्ताकाश मंडपात 4.30 ते 7.30 दरम्यान ग्रंथ लोकार्पण आणि लेखकांना भेटा अंतर्गत हरिराम द्विवेदी यांच्याशी संवाद होईल. यानंतर कवि संमेलनाचेही आयोजन करण्यात आले आहे. कवि संमेलनाचे संचालन प्रो अखिलेश दुबे करतील. लेखकांना भेटा अंतर्गत 7 रोजी 11.30 ते 12.30 दरम्यान लेखकांना भेटा अंतर्गत नामवंत कवि, लेखक प्रो. अशोक चक्रधर यांच्याशी वार्ताकार म्हणून प्रकुलगुरु प्रो. आनंद वर्धन शर्मा व प्रो. प्रिती सागर संवाद करतील. 7 तारखेला मुक्ताकाश मंडपात कवि व लेखक प्रो. गंगा प्रसाद विमल यांचा रचना पाठ तसेच पुस्तक संस्कृति वर व्याख्यान होईल. कार्यक्रमांचे संचालन ऋषभ कुमार मिश्र व अशोक मिश्र करतील. हे ग्रंथ प्रदर्शन विश्वविद्यालयातील अध्यापक, विद्यार्थी आणि वर्धेकरांकरिता पर्वणी ठरेल अशी आशा प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा आणि संयोजक डॉ बीर पाल सिंह यादव यांनी व्यक्त केली. ग्रंथ प्रदर्शनातील सर्व कार्यक्रम नि:शुल्क असून त्याचा लाभ शिक्षक, विद्यार्थी आणि पुस्तक प्रेमी यांनी घ्यावा असे आवाहन जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे यांनी केले आहे.